18/06/2026

राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(पंचायती राज)

क्रमांक एफ.4( )/पंरावि/सीसी/आई.टी.सेवा केन्द्र/2014/ई–फाईल–00168–809467 जयपुर,दिनांक

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
जिला परिषद–समस्त।

विषयः– दिनांक 20 जून, 2026 को "पीएम–किसान उत्सव दिवस" समारोह बाबत।
सन्दर्भः–कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार, कृषि भवन, नई दिल्ली से प्राप्त अ.शा.पत्र सं. 9–1/2026–एफडब्ल्यूएस–पार्ट(5) दिनांक 11.06.2026 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा अप्रैल 2026 से जुलाई 2026 की अवधि के लिए पीएम–किसान की 23वीं किस्त दिनांक 20 जून 2026 को तारकेश्वर, हुगली, पश्चिम बंगाल से जारी की जायेगी।

उक्त के क्रम में, दिनांक 20 जून 2026 को "पीएम–किसान उत्सव दिवस" के तौर पर मनाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत देश भर में राज्य जिला, ब्लॉक और गाँव के स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे।

सभी संबंधित विभागों को लाइव वेबकास्ट के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ने और अधिक से अधिक किसानों की साझेदारी सुनिश्चित करने का निर्देश प्रदान करावें। उक्त कार्यक्रम वर्चुअल लिंक http://pmindiawebcast.nic.in/ के माध्यम से भी प्रदर्शित किया जावे।

अतः उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके जिले की सभी पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत स्तर पर दिनांक 20.06.2026 को लाइव प्रसारण के सन्दर्भ में निम्न व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जावें:–

1. सभी ग्राम पंचायत स्तर पर इंटरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था सुचारू करने के लिये आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर ली जावे।
2. माननीय प्रधानमंत्री महोदय के लाईव कार्यक्रम के प्रसारण की सम्पूर्ण व्यवस्था की ली जावें।
3. ग्राम पंचायत भवन पर स्थापित ई–मित्र प्लस मशीन के माध्यम से भी प्रसारण की सुनिश्चितता कर ली जावे।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि उक्त कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन बाबत संबंधित को निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

सलंग्नः–उपरोक्तानुसार

(डॉ. जोगाराम)
शासन सचिव एंव आयुक्त

कार्यालय पताः कमरा नं. 9016, विकास खण्ड, शासन सचिवालय, जयपुर, E-Mail ID: rajpr.itcell@rajasthan.gov.in
website: http://rajpanchayat.rajasthan.gov.in/

RajKaj Ref No.:
22875089

Signed by: Joga Ram,
Secretary To
Government
Date: 2026-06-17
16:40:03 +05:30